# आकाशवाणी केन्द्र शिमला
## 15.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

**मुख्य समाचार''**

- प्रदेश में 51 शहरी निकायों के लिए 17 मई को होगा मतदान– खुलेआम चुनाव प्रचार थमा– चुनाव आयोग ने पूरी की तैयारियां।
- कांग्रेस और भाजपा ने चुनावों में अपनी–अपनी जीत के लिए दावे– आरोप–प्रत्यारोप का दौर जारी।
- केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा– 21 जून को फिर से होगी नीट परीक्षा– 14 जून तक उपलब्ध कराए जाएंगे प्रवेश कार्ड।
- पंचायतीराज संस्थाओं के चुनावों के लिए सभी प्रत्याशियों को आबंटित किए गए चुनाव चिन्ह– लाहौल–स्पिति ज़िले की 17 पंचायतें निर्विरोध निर्वाचित।
- आई.पी.एल. में पंजाब किंग्स और आर.सी.बी. के बीच 17 मई को धर्मशाला में होगा अहम मुकाबला– क्रिकेट प्रेमियों में उत्साह।

------------

**निकाय चुनाव**

प्रदेश में 51 शहरी निकायों के लिए 17 मई को होने वाले मतदान के लिए आज खुलेआम चुनाव प्रचार समाप्त हो गया है। प्रचार के अंतिम दिन आज दोनों प्रमुख दलों भाजपा व कांग्रेस ने चुनाव प्रचार में अपनी पूरी ताकत झोंकी। वरिष्ठ कांग्रेस नेता व मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज सोलन में चुनाव प्रचार किया। बाद में पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने दावा किया कि प्रदेश के चारों नगर निगमों में कांग्रेस पार्टी की स्थिति बेहतर है। उन्होंने कहा कि सोलन शहर की सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। दूसरी ओर पूर्व केंद्रीय मंत्री व वरिष्ठ भाजपा नेता अनुराग ठाकुर ने भी आज सोलन में पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार किया। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर झूठे वायदे कर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि सोलन सहित राज्य के अन्य स्थानों पर शहरी निकाय चुनावों में भाजपा की जीत होगी।

**अनुराग शर्मा**

राज्यसभा सांसद अनुराग शर्मा ने नगर निगम धर्मशाला और पालमपुर में कांग्रेस पार्टी की जीत का दावा किया है। धर्मशाला में आज एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में इन दोनों शहरों को आधुनिक बनाने का रोड मैप तैयार किया है। अनुराग शर्मा ने कहा कि प्रत्येक वार्ड में बच्चों व युवाओं के लिए डिजिटल लाइब्रेरी बनाई जाएगी और वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष पार्क विकसित किए जाएंगे।

**नाहन–भाजपा**

भारतीय जनता पार्टी ने आज नाहन नगर परिषद के लिए अपना संकल्प पत्र जारी किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने नाहन में संकल्प पत्र जारी करते हुए बताया कि शहर के प्रत्यके वार्ड में पार्किंग व्यवस्था मज़बूत की जाएगी और सामुदायिक भवनों का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहर में धुआं रहित वाहनों को बढ़ावा देने के लिए विशेष योजना चलाई जाएगी।

**प्रधान–ब्रिफिंग**

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा है कि विद्यार्थी सरकार की प्राथमिकता है और सरकार उनके लिए संवेदनशील है। उन्होंने आज नई दिल्ली में बताया कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी– एनटीए ने नीट–यूजी 2026 परीक्षा 21 जून को दोबारा आयोजित करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को 14 जून तक प्रवेश कार्ड उपलब्ध करा दिए जाएंगे। शिक्षा मंत्री ने कहा कि वर्तमान में ओ.एम.आर. मोड में आयोजित होने वाली नीट–यूजी परीक्षा अलगे वर्ष से कम्प्यूटर आधारित यानी सी.बी.टी. माध्यम से होगी। उन्होंने कहा कि एन.टी.ए. में ठोस सुधारों की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भविष्य में किसी भी तरह की अनियमितताओं को रोकने के लिए परीक्षा प्रणाली को सुदृढ़ करने संबंधी उपाय किए जाएंगे। धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि सरकार नहीं चाहती कि कोई भी योग्य विद्यार्थी फर्जी उम्मीदवारों की धांधली या शिक्षा माफिया की साजिशों के कारण अपने अधिकारों से वंचित हो जाए।

**नामांकन वापसी**

प्रदेश में 26, 28 और 30 मई को होने वाले पंचायतीराज संस्थाओं के चुनावों के लिए भरे गए नामांकन पत्रों को वापिस लेने का आज अंतिम दिन था। निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव लड़ रहे सभी प्रत्याशियों को आज ही चुनाव चिन्ह आबंटित कर दिए गए हैं। राज्य में इस बार पंचायत चुनाव 3 चरणों में करवाए जा रहे हैं। पंचायत प्रधान, उप–प्रधान और वार्ड सदस्यों के चुनाव परिणाम मतदान वाले दिन ही घोषित किए जाएंगे, जबकि पंचायत समिति और ज़िला परिषद सदस्यों के मतों की गणना 31 मई को की जाएगी। प्रदेश में कई ऐसी पंचायतें हैं, जो निर्विरोध चुनी गई हैं। लाहौल–स्पिति ज़िले में 17 पंचायतें निर्विरोध चुनी गई हैं। इनमें से 8 पंचायतें लाहौल और 9 पंचायतें स्पिति घाटी में हैं। ज़िले में एक सौ 47 वार्ड सदस्य निर्विरोध चुने गए हैं। नाम वापसी के बाद अब ज़िले में ज़िला परिषद के लिए 22, पंचायत समिति के लिए 39, प्रधान के लिए 80 और उप–प्रधान पद के लिए 76 प्रत्याशी चुनाव मैदान में रह गए हैं। सोलन ज़िले की काहला और भोजपुर पंचायतें भी निर्विरोध चुनी गई हैं। कालहा पंचायत में प्रधान राजेश ठाकुर सहित उप–प्रधान और सभी वार्ड सदस्यों का चुनाव निर्विरोध हुआ है। निर्विरोध चुनी गईं पंचायतों को सरकार की ओर से 25–25 लाख रूपये की विशेष प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

**संशोधित अवकाश**

राज्य सरकार ने पंचायतीराज संस्थाओं के चुनावों को लेकर मतदान दिवस पर संबंधित क्षेत्रों में भुगतान सहित अवकाश घोषित किया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार 26, 28 और 30 मई को संबंधित क्षेत्रों में सरकारी व निजी संस्थान बंद रहेंगे, ताकि अधिक से अधिक लोग

अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। राज्य सरकार ने स्पष्ट किया है कि कर्मचारियों और अधिकारियों को उसी दिन छुट्टी मिलेगी, जब उनकी पंचायत और संबंधित क्षेत्र में मतदान होगा। दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को भी ये अवकाश मान्य होगा।

## आईपीएल

धर्मशाला के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 17 मई को पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरू के बीच आई.पी.एल. का अहम मुकाबला खेला जाएगा। आर.सी.बी. की टीम आज दोपहर कांगड़ा एयरपोर्ट पहुंची, जहां विराट कोहली सहित अन्य खिलाड़ियों को देखने के लिए क्रिकेट प्रेमियों में खासा उत्साह रहा। पंजाब किंग्स की टीम को 10 और 14 मई को धर्मशाला में अपने दोनों ही मैच में हार का सामना करना पड़ा। प्ले ऑफ में जगह बनाने के लिए पंजाब किंग्स की टीम को यह मैच जीतना ज़रूरी है।

## हड़ताल

नगर निगम शिमला में सफाई कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। सैहब सोसायटी से जुड़े ये कर्मचारी 10 फीसदी वेतन वृद्धि की मांग कर रहे हैं। सैहब सफाई कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष जसवंत सिंह ने कहा कि निगम प्रशासन द्वारा पिछले लंबे समय से उनकी मांगों को नज़रअंदाज किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नगर निगम की जनता से हर वर्ष 10 फीसदी बढ़ौतरी के हिसाब से शुल्क वसूला जा रहा है, लेकिन सफाई कर्मचारियों के वेतन में नियमों के अनुसार वृद्धि नहीं की जा रही है।

---